अमर उजाला 18/02/2025

# जिम्नास्टिक में जितेंद्र का उत्कृष्ट प्रदर्शन

अंबाला सिटी। देहरादून में राष्ट्रीय जिम्नास्टिक प्रतियोगिता का आयोजन किया। यह प्रतियोगिता आठ से 13 फरवरी के बीच में कराई। इसमें देशभर से कई प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में हरियाणा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक कांस्य पदक जीता।

इस टीम का हिस्सा रहे जीएमएन कॉलेज के छात्र जितेंद्र चावला ने अपनी कुशलता और मेहनत से न केवल अपने कॉलेज बल्कि पूरे जिले का नाम रोशन किया।

कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने जितेंद्र चावला की इस उपलब्धि पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए गर्व का क्षण है कि कॉलेज के छात्र ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। खेल विभाग अध्यक्ष बृजेश कुमार ने भी इस उपलब्धि पर खुशी व्यक्त की।



राष्ट्रीय जिम्नास्टिक प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतने वाले छात्र जितेंद। कॉलेज